# जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में दिनांक–05.08.2025 को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

आज दिनांक–05.08.2025 को जिलाधिकारी, महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं एवं जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की प्रगति, विद्युत कनेक्शन एवं विद्युत आपूर्ति के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में समीक्षा बैठक की गयी जिसमें निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

1. मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर।
2. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, ललितपुर।
3. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, ललितपुर।
4. जिला पंचायतराज अधिकारी ललितपुर।
5. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण विभाग, ललितपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम एवं द्वितीय), ललितपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), झांसी।
9. श्री रामसिंह यादव, प्रतिनिधि वन निगम, ललितपुर।
10. श्री धीरज कुमार, ऐ0ई0 (वि0/यां0), ललितपुर।
11. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0 ललितपुर।
12. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, डी0पी0एम0 टी0पी0आई0 ललितपुर।
13. श्री आकाश सिंह गौर, पी0एम0, मेसर्स सुधाकरा ललितपुर।
14. श्री तपन बेरा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
15. श्री सुभाष विशनाई, प्रोजेक्ट मैनेजर, दारा ललितपुर।
16. श्री संतोष, प्रतिनिधि, ब्रिज बानको ललितपुर।

अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने जिलाधिकारी महोदय को JJM पोर्टल पर जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे 15 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं की प्रगति एवं योजनाओं में सम्मिलित ग्रामों में जलापूर्ति, रोड रेस्टोरेशन एवं प्रत्येक कार्यदायी संस्थाओं की योजनाओं के बारे में जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का क्रियान्वयन 5 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। जिसमें से जाखलौन–बिरधा ग्राम समूह पेयजल योजना वर्तमान में Trial & Run पर है एवं 13 ग्राम समूह पेयजल योजनाएं O&M में है। बिल्ला–मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना का इन्टेक वेल भौंरट डैम पर निर्मित किया गया है। भौंरट डैम मे पर्याप्त जल स्तर न होने के कारण बिल्ला–मोगान योजना का कार्य प्रभावित है। वन विभाग से सिंचाई विभाग को अंतिम अनापत्ति नहीं मिलने के कारण भौंरट बांध में 354.5 मी0 तक आवश्यक जल नहीं भरा जा सकता।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शन करने हेतु वन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 21 स्थलों के सापेक्ष 12 कनेक्शन विद्युत विभाग द्वारा स्वतंत्र ऊर्जाकृत कर दिये गये है। 9 कनेक्शन वन क्षेत्र एवं 4 गैर–वन क्षेत्र (निवऊआ, बछलापुर, दावनी एवं जीरोन) के अन्तर्गत स्वतंत्र ऊर्जाकृत करना शेष है। वन क्षेत्र में आने वाले कुल 1078 पेड़ों की कटाई के सापेक्ष 902 पेड़ों की कटाई का कार्य पूर्ण हो गया है, शेष 180 पेड़ों की कटाई का कार्य किया जाना है, जिलाधिकारी महोदय ने बैठक में उपस्थित वन निगम के प्रतिनिधि को शेष पेड़ों की कटाई शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया है। वन निगम के प्रतिनिधि ने दिनांक 20.08.2025 तक पेड़ों की कटाई पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

अधोहस्ताक्षरी एवं अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि मसौरा–सिंधवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के कुरैरा, किसरदा CWR के पम्प हाऊस एवं बिल्ला–मोगान योजना के भौंरट बांध में स्थित इंटेक वेल को स्वतंत्र ऊर्जाकृत नहीं किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि भौंरट बांध के पास 1 नग पोल अधिष्ठापित करने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय ने इस सम्बन्ध में अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि इसका सिंचाई विभाग के अधिकारियों से सम्पर्क कर शीघ्र समाधान करें, अन्यथा रविवार को सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक की जायेगी। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) अनुश्रवण कर नियत समयावधि में कार्य पूर्ण करायें। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि कुल 1080 पोल के सापेक्ष 615 पोल अधिष्ठापित कर दिये गये है एवं कुरैरा, किसरदा एवं बिल्ला–मोगान योजना के भौंरट बांध में स्थित इंटेक वेल को 15 अगस्त 2025 तक स्वतंत्र विद्युत कनेक्शन से ऊर्जाकृत कर दिया जायेगा एवं धौर्रा–बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना के इंटेक वेल, डब्लू0टी0पी0, मुडारी, बालाबेहट, डुंगरिया एवं चन्देरा को 31 अगस्त 2025 तक स्वतंत्र ऊर्जाकृत करने हेतु अवगत कराया।

समस्त कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि ग्रामीणों द्वारा FCV (flow control valve), Sluice valve एवं गृह संयोजन इत्यादि को क्षतिग्रस्त एवं चोरी किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय ने मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे (ग्रामीण) को समन्वय स्थापित कर जिन ग्रामों में उक्त समस्याएं हैं उन्हें चिन्हित कराकर ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में VWSC की बैठक कराने हेतु रोस्टर प्लान बनाकर बैठक कराना सुनिश्चित करें जिसमें संबंधित जल निगम के सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता भी उपस्थित रहें।

जिलाधिकारी महोदय ने जल जीवन मिशन की सभी एवं रेट्रोफिटिंग योजनाओं की कार्य योजना संकलित कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी महोदय ने अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे को निर्देशित किया कि महीने में 1 बार सभी योजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी के द्वारा एवं 15 दिवस के अन्तराल में अपर जिलाधिकारी स्वयं करे। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि निम्नानुसार योजनाओं की बैठक की जाती है–

| क्र. सं. | बैठक दिवस | समय | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रत्येक सोमवार | शाम 4 बजे | टी0पी0आई0 के इंजीनियर/सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मेनेजर के साथ प्रगति समीक्षा बैठक एवं VWSC की रिपोर्ट |
| 2 | प्रत्येक सोमवार | शाम 5 बजे | जल निगम की रेट्रोफिटिंग योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक योजनाओं के कार्यदायी संस्थाओं के प्रबंधक टी0पी0आई0 के इंजीनियर/सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता |
| 3 | माह के अंतिम सोमवार | शाम 5 बजे | WTP and Lab पर जल जांच की रिपोर्ट संकलित एवं प्रस्तुति |
| 4 | प्रत्येक सोमवार | शाम 5 बजे | टी0पी0आई0/पी0एम0सी0 एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम |
| 5 | प्रत्येक मंगलवार | दोपहर 02:30 बजे | अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/कम्पनी के प्रोजेक्ट मेनेजर के साथ बैठक |
| 6 | प्रत्येक मंगलवार | शाम 4 बजे | प्रमुख सचिव नमामि गंगे महोदय के द्वारा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा वी0सी0 के माध्यम से अपर जिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम/कार्यदायी संस्थाएं/पी0एम0सी0/टी0पी0आई0 के साथ बैठक |
| 7 | प्रत्येक शुक्रवार | शाम 4 बजे | WTP plant पर सभी अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता ऑपरेटर/प्रोजेक्ट मेनेजर/फील्ड इंजीनियर के साथ बैठक एवं VWSC की रिपोर्ट प्रस्तुत करें |
| 8 | शुक्रवार | शाम 5 बजे | टी0पी0आई0 एवं पी0एम0सी0 के साथ बैठक |
| 9 | शुक्रवार | शाम 5 बजे | अधीक्षण/अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण, अधिशासी अभियन्ता, वि0यां0 जल निगम (ग्रामीण) झांसी, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर/जल जीवन मिशन एवं रेट्रोफिटिंग की कार्यदायी संस्थाओं के परियोजना प्रबंधक के साथ विद्युत आपूर्ति एवं कनेक्शन के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक |
| 10 | शुक्रवार | शाम 5 बजे | टी0पी0आई0 एवं पी0एम0सी0 के साथ बैठक |
| 11 | शुक्रवार | शाम 4 बजे | अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता की VWSC की बैठक की रिपोर्ट प्रस्तुत करें |
| 12 | Starting/End of the month | शाम 5 बजे | Monthly Meeting of DM Sir with all agency time and day decided as per DM Sir |

अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) झाँसी द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया है कि जनपद ललितपुर में अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत ललितपुर नगर पालिका आवर्धन एवं सुदृढ़ीकरण पेयजल योजना के कार्य कराये जा रहे है। योजनान्तर्गत 03 नग नये उच्च जलाशय (क्षमता/भौतिक प्रगति क्रमशः–2700 किली0/65 प्रतिशत, 2000 किली0/65 प्रतिशत एवं 1350 किली0/30 प्रतिशत), 01 नग भूमिगत जलाशय (क्षमता/भौतिक प्रगति –1000 किली0/20 प्रतिशत), 01 नग इन्टैक वैल (क्षमता/भौतिक प्रगति – 31 एम0एल0डी0/एम0ओ0यू0 गठित न होने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है)। 176.4 किमी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 120.4 किमी0, 12.0 क्लीयर वाटर पाइप लाइन के सापेक्ष 9.0 किमी एवं 2.5 किमी0 रॉ–वाटर पाईप लाईन के सापेक्ष 1.7 किमी0 पाइप लाइन बिछयी जा चुकीं हैं तथा 23675 नग पेयजल गृह संयोजन के सापेक्ष 4610 नग पेयजल गृह संयोजन करा दिये गये है। वर्तमान में योजना की भौतिक प्रगति 65 प्रतिशत है, 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करने हेतु अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय) को एक सप्ताह में कार्य योजना प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिए गए।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने हेतु काटी गई सड़कों की मरम्मत का कार्य निरन्तर प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अभियंता जल निगम (नगरीय) झाँसी को निर्देशित किया कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत शीघ्र करे जिससे कि आमजन को आवागमन में असुविधा न हो।




(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर।

पत्रांक– 856/एम०टी०(नमामि गंगे)/2025-26 दिनांक 08-08-2025

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

1. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय ललितपुर।
3. मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर।
4. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, ललितपुर।
5. प्रभागीय लॉगिंग प्रबन्धक वन निगम, झांसी।
6. जिला पंचायतराज अधिकारी ललितपुर।
7. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण विभाग, ललितपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (प्रथम एवं द्वितीय), ललितपुर।
9. अधिशासी अभियंता खण्ड कार्यालय (वि० / यां०) उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
10. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
11. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), झांसी।
12. टीम लीडर, पी०एम०सी० ललितपुर।
13. डी०पी०एम०, टी०पी०आई० ललितपुर।
14. मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग खुर्रम नगर, लखनऊ।
15. समस्त कार्यदायी संस्थाएं जल जीवन मिशन ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
ललितपुर।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner